हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–145 : जौनपुर, मंगलवार 07 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अब अपने बजट से फार्मा पार्क बनवाएगी सरकार : ललितपुर में स्थापना का प्रस्ताव

लखनऊ ब्यूरो : केंद्र सरकार से बल्क ड्रग पार्क/फार्मा पार्क मिलने की उम्मीद खत्म होने के बाद प्रदेश की योगी सरकार ने अपने स्तर से इस पार्क की स्थापना की तैयारी शुरू कर दी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट या वित्त वर्ष 2023–24 के बजट में इसका एलान हो सकता है। सरकार ललितपुर के सैदपुर में उसी स्थान पर पार्क की स्थापना का विचार कर रही है, जहां के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था। केंद्र ने देश में तीन बल्क ड्रग/फार्मा पार्क स्थापित करने का एलान किया था। यूपी ने ललितपुर के सैदपुर में 2000 एकड़ भूमि पर पार्क स्थापना का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। 12 अन्य राज्यों ने भी दावेदारी की थी। केंद्र सरकार ने अक्तूबर–नवंबर 2022 में इस प्रोजेक्ट के लिए आंध्र प्रदेश, गुजरात और हिमाचल प्रदेश का चयन कर लिया। यूपी व महाराष्ट्र सहित 10 राज्यों के प्रस्ताव मंजूर नहीं हो सके। इधर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मद्देनजर प्रदेश को फार्मा सेक्टर में 16,000 करोड़ रुपये के एमओयू प्राप्त हुए हैं। माना जा रहा है, यदि ललितपुर में फार्मा पार्क स्थापित किया जाए तो देश और विदेश की फार्मा कंपनियों से औपचारिक प्रस्ताव पाने में कठिनाई नहीं होगी। शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रोजेक्ट को राज्य सरकार के स्तर से जमीन पर उतारने की संभावनाओं की विस्तृत पड़ताल के लिए अपने सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी और सलाहकार (खाद्य सुरक्षा) डॉ. जीएन सिंह के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ललितपुर भेजा था। सलाहकारों ने वहां के स्थलीय भ्रमण, फार्मा सेक्टर के डवलपर्स व स्थानीय अधिकारियों से चर्चा और स्थानीय लोगों से बातचीत के बाद इस पार्क की स्थापना के संबंध में अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भेज दी है। इसमें पार्क की स्थापना की संस्तुति की गई है। कहा गया है, यूपीसीडा फार्मा पार्क की स्वीकृति के लिए तत्काल आगे की कार्यवाही शुरू करे। वित्तीय सहायता बजट से उपलब्ध कराने को कहा गया है। 15 हजार



करोड़ खर्च की उम्मीद पार्क की स्थापना पर करीब 15 हजार करोड़ रुपये खर्च होने के अनुमान हैं। इसकी व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से राज्य सरकार के बजट से करने की संस्तुति की गई है। एसटीपी निर्माण, वाटर सप्लाई, स्टीम जनरेशन, सड़क, बाउंड्रीवाल व बिजली आदि पर 1500 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। 15 से 20 यूनिटें लगेंगी 2000 एकड़ में 50–100 एकड़ तक फार्मा कंपनियों को यदि आवंटित किया जाएं तो भी कम से कम 15–20 बड़ी यूनिटें स्थापित हो जाएंगी। 50 हजार करोड़ तक निवेश उच्चस्तरीय समिति ने कहा है, यदि फार्मा पार्क के इन्फ्रास्ट्रक्चर को विश्व स्तरीय बनाकर सभी आवश्यक क्लीयरेंस ले लिए जाएं, तो अगले दो वर्ष में 30 से 50 हजार करोड़ निवेश संभावित है। इसलिए पार्क की सिफारिश प्रस्तावित भूमि सरकार के स्पष्ट कब्जे में है और स्थानीय स्तर पर विवाद नहीं। फार्मा सेक्टर के कई निवेशकों ने इस साइट को उपयुक्त बताया है और निवेश का आश्वासन दिया है।फार्मा सेक्टर का कच्चा माल पेट्रोकेमिकल है। बीना रिफाइनरी ललितपुर के पास है। ललितपुर मध्य भारत में स्थित है। यहां सड़क व रेल यातायात के साथ मुख्यालय पर हवाई अड्डा के विस्तारीकरण का काम प्रगति पर है। लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी बेहतर। ग्वालियर, भोपाल व खजुराहो जैसे बड़े शहरों की दूरी 250 किमी से कम है। इन तीनों शहरों में हवाई अड्डे हैं। बिजली व पानी आदि व्यवस्था बेहतर। सैदपुर–जामनी बांध में इसमें उपयोगी होगा। यदि राज्य इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाता है तो केंद्र से भी सहायता लेने का प्रयास किया जा सकता है।

## डकैती की योजना बनाते हुए पांच लुटेरे गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक–06/07.02.2023 की रात्रि में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी मय हमराह द्वारा गरियांव रेलवे क्रासिंग के पास चेकिंग की जा रही थी कि थानाध्यक्ष मीरगंज श्री बृजेश कुमार गुप्ता मय हमराह आ गये तथा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में बात चीत कर रहे थे कि मुखबिर खास ने सूचना दिया कि कुछ शातिर अपराधी पवांरा जाने वाले मार्ग पर सुनसान जगह गरियांव के पास दो मोटरसाइकिल के साथ कुछ लोग मौजूद है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इस सूचना पर विश्वास करके पुलिस बल हिकमत अमली से नजदीक पहुंची तो जानकारी हुई कि वो पास में स्थित पेट्रोल पम्प पर डकैती की योजना बना रहे हैं। योजना बना रहे 05 बदमाशो को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया , गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1.मनीष सिंह पुत्र हवलदार सिंह निवासी ग्रा0 कोछियां थाना सुरियाँवा जनपद भदोही । 2.दीपक यादव पुत्र रामधनी यादव निवासी ग्रा0 विलारी बरौत थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज । 3.रोहित गौड़ पुत्र गोपाल गौड़ निवासी ग्रा0 जमुनीपुरमोड थाना कोतवाली भदोही जनपद भदोही । 4.प्रभाकर सिंह उर्फ आँशु पुत्र अनिल सिंह निवासी चमरुपुर नन्दवत थाना फुलपुर जनपद प्रयागराज । 5.धर्मेन्द्र कुमार गौतम पुत्र सभाजीत गौतम निवासी ग्रा0 हरदुआ थाना दुर्गागंज जनपद भदोही । बरामदगी का विवरण– 1. अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर 2. दो चाकू । 3. 13 एटीएम कार्ड 4. दो चोरी की मोटरसाइकिल । 5. नकद 3210 रुपया । अभियुक्तगणों का अपराधिक इतिहास ।A.मनीष सिंह पुत्र हवलदार सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्रा0 कोछियां थाना सुरियाँवा जनपद भदोही। 1. मु0अ0सं0 23/2023 धारा 399/402/411/413 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 155/2017 धारा 323/325/504/506 भादवि



व 3(1) SC/ST एक्ट थाना भदोही जनपद भदोही । 3.मु0अ0सं0 325/2019 धारा 411/419/420 भादवि थाना भदोही जनपद भदोही । B–दीपक यादव पुत्र रामधनी यादव उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्रा0 विलारी बरौत थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज। 1. मु0अ0सं0 23/2023 धारा 399/402/411/413 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 598/2018 धारा 411/413 भादवि थाना हंडियां जनपद प्रयागराज । 3. मु0अ0सं0 593/2018 धारा 379/411 भादवि थाना हंडियां जनपद प्रयागराज । 4. मु0अ0सं0 586/2018 धारा 379/411 भादवि थाना हंडियां जनपद प्रयागराज । 5. मु0अ0सं0 254/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना हंडियां जनपद प्रयागराज । 6. मु0अ0सं0 200/2022 धारा 307/324/325/506 भादवि थाना हंडियां जनपद प्रयागराज । C–प्रभाकर सिंह उर्फ आँशु पुत्र अनिल सिंह उम्र करीब 26 वर्ष निवासी चमरुपुर नन्दवत थाना फुलपुर जनपद प्रयागराज। 1. मु0अ0सं0 23/2023 धारा 399/402/411/413 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 16/2021 धारा 411/467/468/471 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 3. मु0अ0सं0 45/2021 धारा यूपी 3(1) गैगेंस्टर एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 4. मु0अ0सं0 180/2022 धारा 41/411/413/8414/467/468/471 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 5. मु0अ0सं0 254/2020 धारा 379/411 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 6.मु0अ0सं0 088/2022 धारा 379/411 भादवि थाना थरवई प्रयागराज । 7.मु0अ0सं0 027/2022 धारा 427/504/506 भादवि थाना फूलपुर प्रयागराज । 8.मु0अ0सं0 429/2022 धारा 506/507 भादवि थाना फूलपुर प्रयागराज । 9.मु0अ0सं0 627/2019 धारा 323/452/504/506 भादवि थाना फूलपुर प्रयागराज । D–धर्मेन्द्र कुमार गौतम पुत्र सभाजीत गौतम उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्रा0 हरदुआ थाना दुर्गागंज जनपद भदोही। 1. मु0अ0सं0 23/2023 धारा 399/402/411/413 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 35/2014 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना दुर्गागंज जनपद भदोही । 3. मु0अ0सं0 036/2013 धारा 379/411 भादवि थाना दुर्गागंज भदोही । 4. मु0अ0सं0 109/2022 धारा 8/20 NDPS ACT थाना मीरगंज जनपद जौनपुर । E–रोहित गौड़ पुत्र गोपाल गौड़ उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्रा0 जमुनीपुरमोड थाना कोतवाली भदोही जनपद भदोही। 1. मु0अ0सं0 23/2023 धारा 399/402/411/413 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1. उ0नि0 विवेक कुमार तिवारी (थानाध्यक्ष) थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर मय टीम । 2.उ0नि0 श्री बृजेश कुमार गुप्ता (थानाध्यक्ष) मीरगंज जौनपुर मय टीम । 3.उ0नि0 पन्नेलाल यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर ।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट
www.Desh ki upasana.com
का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।
–संपादक

## यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 : यूपी बोर्ड परीक्षा में इंग्लिश से ज्यादा हिंदी के परीक्षार्थियों की संख्या

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 2023 में इंग्लिश से ज्यादा हिंदी के अभ्यर्थियों की संख्या है। जिसमें इंटरमीडिए में इंग्लिश विषय के परीक्षार्थियों की संख्या 23 लाख 60 हजार 332 है। वहीं हिंदी में 25 लाख 80 हजार 607 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षाएं देंगे।




इसी प्रकार हाईस्कूल में हिंदी के 31 लाख 8 हजार 654 परीक्षार्थी हैं तो इंग्लिश में अभ्यर्थियों की संख्या 29 लाख 77 हजार 680 है। 16 फरवरी से शुरू होने जा रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस वर्ष की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में कुल 58 लाख 67 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिसमें 31 लाख 16 हजार 485 अभ्यर्थी हाईस्कूल व 27 लाख 50 हजार 913 परीक्षार्थी इंटरमीडिएट के हैं। वहीं सोमवार को विषयवार अभ्यर्थियों की संख्या यूपी बोर्ड द्वारा जारी की गई। अगर इंग्लिश व हिंदी विषय की बात को छोड़ दें तो इंजीनियर बनने से ज्यादा डॉक्टर बनने की जिज्ञासा परीक्षार्थियों में दिख रही है। जिसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इंटरमीडिएट में गणित के 49 लाख 9 हजार 484 परीक्षार्थी हैं तो जीव विज्ञान में यह संख्या 10 लाख 84 हजार 932 है, जो गणित की तुलना में कई गुना अधिक है। इसके अलावा इंटरमीडिएट में संस्कृत 1 लाख 25 हजार 309, इतिहास 2 लाख 45 हजार 752, फिजिक्स 15 लाख 63 हजार 311, केमिस्ट्री 15 लाख 62 हजार 958 परीक्षार्थियों की संख्या है। वहीं दूसरी तरफ हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में संस्कृत के 3 लाख 33 हजार 348 व गणित के 22 लाख 12 हजार 756 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## भारत की फार्मेसी दुनिया में सबसे बेहतर –प्रो आयन दत्ता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा मॉलिक्यूलर मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि इण्डियन एसोसियेशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइन्स कोलकाता के प्रो. आयन दत्ता के अपने व्याख्यान में परमाणु और अणुओं के मध्य बनने वाले रसायनिक बंध के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो दत्ता ने बताया कि वैज्ञानिक शोधा ने भारत को फार्मेसी के दुनिया में भारत को स्थापित किया जिसके कारण आज भारत में औसत आयु लगभग सत्तर वर्ष हो चुकी है। प्रो. दत्ता ने हाइड्रोजन के बारे में चर्चा करते हुए बताया की आने वाले समय में यह ऊर्जा का प्रमुख स्रोत होगा। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री रसायन विज्ञान शोध में भूमिका महत्वपूर्ण निभा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशाला से शोधार्थियों को अपना शोध कार्य करने में मदद मिलेगी। कार्यशाला के दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत के डॉ सुबन कुमार साहू ने मॉलिक्युलर डॉकिंग और उनके अनुप्रयोग पर प्रकाश डाला तथा मॉलिक्युलर डॉकिंग का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया। डॉ



साहू ने कोरोना वायरस के शोध में मॉलिक्युलर डॉकिंग की भूमिका पर चर्चा की। अतिथियों का स्वागत रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार ने किया। कार्यशाला का विषय प्रवर्तन संयोजक डॉ अजीत सिंह ने किया । कार्यशाला का संचालन आयोजन सचिव नितेश जायसवाल ने किया स धन्यवाद ज्ञापन प्रो देवराज सिंह ने किया । इस अवसर पर के प्रो अशोक श्रीवास्तव, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ राजकुमार, डॉ मिथिलेश यादव, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. दीपक मौर्य, डॉ. सौरभ सिंह, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## थाना बक्शा पुलिस नें 02 वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 07.02.2023 को पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डॉ0 अजय पाल शर्मा के कुशल निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के निकट पर्वेक्षण में चलाये जा रहे वाँछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी व संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन की चेकिंग अभियान के क्रम में थाना बक्शा पुलिस ने मई मोड़ नौपेड़वा बाजार के पास से वाहन व संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान दो मोटर साइकिल सवार वाहन चोर 1–राजेश चौहान उर्फ छोटू पुत्र स्व0 शंकर चौहान निवासी चुरावनपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2–सूरज चौहान पुत्र राय साहब चौहान निवासी चुरावनपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल सुपर आई स्मार्ट जिस पर धोखा देने कि नियत से फर्जी नम्बर प्लेट लगा हुआ व एक देशी रिवाल्वर 32 बोर मय दो कारतूस 32 बोर बरामद किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूध्द मु0अ0सं0–34/23 धारा 411/414/420/467/468/471 भादवि व मु0अ0सं0–35/23 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जनपद जौनपुर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त–1–राजेश चौहान उर्फ छोटू पुत्र स्व0 शंकर चौहान निवासी चुरावनपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2–सूरज चौहान पुत्र राय साहब चौहान निवासी चुरावनपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर। आपराधिक



इतिहास– 1–राजेश चौहान उर्फ छोटू पुत्र स्व0 शंकर चौहान निवासी चुरावनपुर थाना बक्शा,जौनपुर उम्र 28 वर्ष 1.मु0अ0सं0–34/23 धारा 411/414/420/467/468/471 भादवि थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2.मु0अ0सं0–35/23 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2–सूरज चौहान पुत्र राय साहब चौहान निवासी चुरावनपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर उम्र 26 वर्ष 1.मु0अ0सं0–34/23 धारा 411/414/420/467/468/471 भादवि थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2. मु0अ0सं0–251/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जनपद जौनपुर बरामदगी का विवरण– 1– एक मोटर साइकिल आई स्मार्ट नं0 UP 62 B 612 2– एक देशी रिवाल्वर 32 बोर व दो कारतूस गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1–थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी सिंह थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2–उ0नि0 महेश कुमार सिंह,उ0नि0 जितेन्द्र सिंह,उ0नि0 करमुल्ला अली,हे0का0 अखिलेश सिंह,हे0का0 छविनाथ राम,हे0का0 माधव सिंह,हे0का0– रीतम कुमार थाना बक्शा जनपद जौनपुर।

## रामकथा के समापन में उमड़े श्रद्धालु : लगाये जयकारे

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : क्षेत्र के ग्राम मलिकापुर में चल रही मद्भागवत कथा के समापन दिवस में आचार्य श्री सत्यदेव जी महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रसास्वादन कराते हुए भारी संख्या में उपस्थित सभी स्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोगों ने जयकारे




लगाते हुए कथा का रसास्वादन किया। आचार्य जी ने पूतना राक्षसी को अविद्या का स्वरूप बताया और कहा कि जीव जब भगवत विमुख होता है तभी जीवन में अविद्या आती है।पूर्णावतार श्रीकृष्ण तथा पूर्णावतार भगवान श्रीराम ने प्रथम स्त्री पर हाँथ डाला। श्रीराम ताड़का तथा श्रीकृष्ण पूतना का प्रथम उद्धार करते हैं। ताड़का वासना की मूर्ति है,इस जीव के भगवत शरणागति होने पर अविद्या एवं वासना से मुक्ति मिलती है।श्रीकृष्ण ने पूतना का स्तनपान कर उसे सदगति प्रदान की है। उन्होंने कालिया नाग को काम का स्वरूप दर्शाते हुए यह सिद्ध किया कि यमुना जल इस सर्व की विषागनि से दूषित हो गया था। अर्थात कामवासना मानव के जीवन में मन, अन्तःकरण, चित्त, को दूषित कर देती है।अतः कामवासनाओं से हम सभी को दूर रहना चाहिए। हम सभी भक्त सनातन धर्म के पक्षधर हैं। नागपंचमी को नागों की पूजा करते हैं,हम शांति के पूर्ण पक्षधर हैं,परन्तु यदि कोई हमारी अखंडता,एकता,समरसता में कालिया नाग की तरह प्रदूषण उत्पन्न करेगा तो हम कालिया नाग के फनों पर तांडव भी करना जानते हैं। इसलिये श्रीकृष्ण ने इसके फनों पर तांडव करके यही भाव स्पष्ट किया है।गोवर्धन पूजा के माध्यम से इन्द्र का अभिमान मर्दन करते हैं। और कंस रूपी मोह का संधार करते हैं।भगवान श्रीकृष्ण समग्र समाज की इन बुराइयों को दूर करके स्वच्छ वातावरण का सृजन करते हैं। इसलिए इस समय भी समाज को श्रीकृष्ण की आवश्यकता बताया है।इस मौके पर सभी श्रोता श्रद्धालुओं ने आरती कर परसाद ग्रहण किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

उनके पीछे चलो जिनकी सोच अच्छी हो, उनके बारे में सोचो जिनके कर्म अच्छे हों।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया

आज के बांग्लादेश, इसके पूर्व का पुराना पाकिस्तान और उसके भी पहले का भारत के अंग के इस क्षेत्र की स्थिति बड़ी अजीब रही है। प्राकृतिक आपदा खासकर बाढ़, भयंकर गरीबी, अशिक्षा सदा से इसके साथ रही है और काफी समय दमन–अत्याचार और राजनैतिक उथल–पुथल भी इस इलाके ने झेली है। मगर भाषा और संस्कृति के मामले में यह स्थान बहुत समृद्ध रहा है। इसका पूर्वी पाकिस्तान से बांग्लादेश बनने में भाषा एक बड़ा कारण रही है। भारत विभाजन के पूर्व यह बंगाल का अंग था और पूर्वी बंगाल के नाम से जाना जाता था।

भारत विभाजन के बाद यह पूर्वी पाकिस्तान कहलाया और दोनों हिस्सों में पर्याप्त दूरी के बावजूद पश्चिमी पाकिस्तान पूर्वी हिस्से पर हावी रहा। न केवल राजनैतिक रूप से बल्कि भाषा और सांस्कृतिक रूप से भी पूर्वी पाकिस्तान पर पश्चिम का दबाव बना रहा। अपनी भाषा को लेकर हर व्यक्ति के मन में एक अलग लगाव होना स्वाभाविक बात है और जब कोई उसकी भाषा का अपमान करता है अथवा उसे नष्ट करने का प्रयास करता है तो यह हमारा कर्तव्य और भावात्मक दायित्व प्राकृतिक रूप उसे बचाने का होता है।

बांग्लादेश के सिने–इतिहास की शुरुआत 1971 से

पूर्वी पाकिस्तान के लोगों का अपनी भाषा, संस्कृति और साहित्य–सिनेमा से बहुत गहरा लगाव है अतः उन्होंने अपनी इस विरासत को बचाने के लिए जान की बाजी लगा दी। 1952 में बंगाली भाषा आंदोलन के दो वर्ष बाद ढ़ाका में शहीदुल आलम, अब्दुल जब्बर खान तथा काजी नुरुजामान की अगुआई में 'को–ऑपरेटिव फिल्म मेकर्स लिमिटेड' की स्थापना हुई। और भी कई कारण थे, नतीजन 1971 में बांग्लादेश का उदय हुआ। अतः जब हम बांग्लादेश के सिने–इतिहास की बात कर रहे हैं तो 1971 से शुरुआत करती हूं।

बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के पूर्व 1971 में मात्र 6 फिल्में बांग्ला तथा दो उर्दू में रिलीज हुईं। जाहिर रेहान ने 20 मिनट की डॉक्यूमेंट्री 'स्टॉप जेनोसाइड' बनाई। इसमें उन्होंने 26 मार्च 1971 से 16 दिसम्बर 1971 के बीच पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा अपने देश की जनता पर हुए क्रूर अत्याचार को दिखाया और लोगों से इसे रोकने की अपील की। मानव–संहार और नस्ल नष्ट करने की इन घटनाओं की खूब आलोचना हुई थी।

इस देश से आने वाली यह पहली अंतरराष्ट्रीय सिने–पहल थी। 1971 में ही ईस्ट पाकिस्तान फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का नाम बदल कर बांग्लादेश फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन कर दिया गया। 21वीं सदी के पहले दशक तक यही एक मात्र प्रमुख फिल्म स्टूडियो तथा कलर लैब था।

बांग्लादेश ने प्रारंभ से अपनी फिल्म की गुणवत्ता को निखारने का काम किया और करीब दो दशक में यहां प्रतिवर्ष 90 फिल्म बनने लगीं। फिल्म विभाग के प्रमुख अब्दुल जब्बार खान थे। कई फिल्में युद्ध पर बननी स्वाभाविक थीं। 1972 में पहली फुल लेन्थ फीचर फिल्म 'ओरा एगारो जन' बनी। युद्ध पर बनी इस ऐतिहासिक फिल्म की कहानी अल मसूद की है और मुक्ति संग्राम की कहानी कहती इस फिल्म का निर्देशन कासी नजरुल इस्लाम ने किया।

इन्हें 1986 में शरदचंद्र के उपन्यास 'सुभदा' पर इसी नाम से बांग्ला भाषा में फिल्म बनाने के लिए उस वर्ष के सर्वोत्तम निर्देशक के साथ सारे अन्य नेशनल पुरस्कार जीते। आलमगीर कबीर ('धीरे बह मेघना', 'सूर्य कन्या' तथा परिणिता' आदि) और सुभाष दत्ता दो अन्य निर्देशकों ने इस दौरान युद्ध विषयक फिल्म बनाई।

नब्बे के दशक में बांग्लादेश की फिल्में

अस्सी और नब्बे के दशक में सिनेमा यहां के गरीब और कम शिक्षित लोगों के मनोरंजन का प्रमुख साधन बन गया। धनी–मानी लोग वीसीआर की ओर मुड़ गए। बांग्लादेश अपनी राष्ट्रीय पहचान बनाने के लिए सिनेमा का सहारा लेने लगा। फिल्म उद्योग मुख्य रूप से ढ़ाका में था अतः यहां की फिल्में 'ढ़ालीवुड' के नाम से जानी जाने लगीं। काफी समय तक यहां की फिल्में न केवल भारत की फिल्मों से प्रभावित रहीं वरन उनकी नकल भी करती रहीं।

बांग्लादेश के सिने–निर्देशकों ने अपनी विरासत को सदैव स्मरण रखा है। बांग्ला साहित्याधारित सिनेमा तो प्रारंभ से बनता रहा है और आज भी यह जारी है। मुक्ति के बाद एक पहली अंतरराष्ट्रीय फिल्म है, ऋत्विक घटक की 1973 में बनी 'तिस्ता एकटी नदीर नाम' जिसमें प्रबीर मित्र ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को 2002 में ब्रिटिश फिल्म इंस्ट्यूट ने 10 सर्वोत्तम बांग्लादेशी फिल्मों में शामिल किया है।

शरतचंद्र की कहानी पर शाहिदुल अमीन ने 'रामेर सुमति' बनाई। जिसमें एक दुष्ट लड़के के कुछ घटनाओं बाद सुधरने की बात दिखाई गई है। उन्हीं के उपन्यास पर बुलबुल अहमद ने 'राजलोखी–श्रीकांतो' बनाई और उन्हीं की रचना पर मोहिउद्दीन फारुक ने 1988 में 'बिराज बोउ' बनाई। अस्सी और नब्बे का दशक को बांग्लादेशी फिल्मों का स्वर्ण युग माना जाता है। अब्दुर रज्जाक, काबोरी सरवर, शबाना, फारूक, शबनम, रोजीना, चम्पा, अमल बोस इस दौर के प्रसिद्ध अभिनेता–अभिनेत्री रहे हैं।

आलमगीर कबीर, तन्वीर मोकाम्मल, तारेक मसूद आदि इस देश में फिल्म में रियलिज्म तथा नेचुरलिज्म के वाहक रहे हैं। 8 मार्च 1955 को खुलना में जन्मे, सात पुरस्कारों से नवाजे गए लेखक–निर्देशक तन्वीर मोकाम्मल ने फीचर और डॉक्यूमेंट्री दोनों तरह की फिल्में बनाई। 'नदीर नाम मधुमति', 'चित्रा नदीर पारे','लालशालू', बायोपिक 'लालन', 'रुपशा नदीर बैंके' आदि उनकी प्रमुख फिल्में हैं। इनकी कई फिल्में युद्ध और पलायन से जुड़ी हुई हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## शांति और सुरक्षा को लेकर पाली पुलिस ने किया पैदल गश्त

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : आमजनों में सुरक्षा का बोध कराने और अपराधियों में खौफ पैदा करने के लिए एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देश पर पाली थाना पुलिस ने शान्ति और सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भीड़ भाड़े स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास पैदल गश्त की ।इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूंछतांछ भी की गई ।पाली पुलिस ने आमलोगों को भयमुक्त होकर रहने का संदेश दिया। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय और एसएसआई संजय राय की अगुवाई में दर्जनों पुलिस कर्मियों ने पाली कस्बे में शान्ति और सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और भीड़ भाड़ वाले स्थानों के आसपास पैदल गश्त की ।इस दौरान पुलिस कर्मियों ने आमजनों से भयमुक्त होकर रहने की अपील की,और कहा कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है ।और



उन्होंने कहा कि समाज में शांति बनाये रखने के लिए लोगों को आकर पुलिस का सहयोग करना चाहिए ।इस मौके पर उप निरीक्षक श्रीपति मौर्य,कांस्टेबल गुंजन गिल,कांस्टेबल ओमप्रकाश,कांस्टेबल अमित कुमार,आदि तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## अभाविप का महानगर सम्मलेन "विद्यार्थी संगम" सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वे वर्ष एवं आजादी के अमृत महोत्सव के निमित्त अभाविप लखनऊ महानगर के लखनऊ विश्वविद्यालय में महानगर सम्मलेन "विद्यार्थी संगम" संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे शरद विवेक सागर, मुख्य उपस्थिति के रूप में अवध प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव,मुख्य वक्ता के रूप में राहुल गौर, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डीएवी महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष चारु मिश्रा,महानगर अध्यक्ष प्रो मंजुला उपाध्याय तथा महानगर मंत्री सिद्धार्थ विशेन रहे। प्रांत मंत्री अक्षय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया, उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।उसके उपरांत मुख्य अतिथियों ने माता सरस्वती विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। तत्पश्चात कार्यक्रम के स्वागत समिति अध्यक्ष श्री चारू जी ने कार्यक्रम के रूपरेखा और विद्यार्थी परिषद का परिचय देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद ज्ञान शील एकता के मंत्र पर कार्य करने वाला छात्र संगठन है। मुख्य वक्ता श्री राहुल गौर जी ने बताया कि स्वतंत्रता के साथ–साथ विद्यार्थी परिषद अपने 75 वर्ष पूरे कर रही है पुनर्निर्माण में विश्वास रखने वाला एकमात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हैं। साथ–साथ उन्होंने बताया कि छात्रहित के आवाज उठाने वाला और एक शैक्षिक परिवार को साथ लेकर काम करता है, संगठन का मुख्य उद्देश्य भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का और आज विश्व में भारत के युवाओं की सहभागिता सबसे अधिक है इसलिए भारत को परम वैभव तक ले जाने की जिम्मेदारी सबसे अधिक युवाओं की है इसीलिए तो कहते हैं कि कि छात्र कल का नहीं आज का नागरिक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शरद विवेक ने कहा कि विद्यार्थी परिषद




आज का संगठन नही अपितु 80के दशक में काम करने वाला संगठन है,जैसे हम आज जी–20 की अध्यक्षता कर भारत को विश्व पटल पर संबोधित कर रहे हैं उसी प्रकार आगे विभिन्न मध्यम से देश को विश्व स्तर पर पहुंचने का कार्य करेंगे और उन्होंने यह भी बताया कि "म ंदक उांम" में विश्वास रखने वाले कार्यकर्ता है, कार्यक्रम को सम्बोधित करते अवध प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत विश्व मैं अपनी जो कीर्ति स्थापित कर रहा है उससे यह स्पष्ट होता है कि भारत की सांस्कृतिक परंपराओं को साथ लेते हुए समाज को पुनः जागृत करने का कार्य हम सभी कर रहे हैं ,राष्ट्रीयता का भाव लेकर शताब्दी वर्ष की ओर हम प्रवेश करने जा रहे है विद्यार्थी परिषद में विभिन्न आयामों के माध्यम से हम सभी विद्यार्थी को जोड़ने का कार्य करें। तत्पश्चात छात्र संघ और उद्यमिता पर दो प्रस्ताव पारित किए गए । इसके उपरांत शोभा यात्रा निकाली गई विश्वविद्यालय के शिवाजी ग्राउंड से गेट नंबर 4 होते हुए शोभा यात्रा का समापन कर प्रो मंजुला उपाध्याय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में संगठन मंत्री सत्यम मिश्रा,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मुस्कान उपाध्याय, प्रदेश मीडिया संयोजक शिवम सिंह सम्राट प्रदीप मौर्य, प्रणाव कांत सिंह, मोहम्मद हमजा, अनिवेष सिंह, अभिषेक मिश्रा अनंग, सलोनी शुक्ला रोहित ठाकुर, रजत रैकवार, किशन पाण्डेय, आदर्श यादव, आशीष पहलवान, सौम्य, अदिति, प्रियेश, जतिन, अनन्त पाण्डेय, अपूर्वा परिहार, अंशिका सिंह, ऋषभ कात्यान, कुसुम कनौजिया, अक्षय वर्मा, निलेश मिश्रा, नवीन वाल्मीकि, शुभम सेंगर, पल्लवी गुप्ता, मयंक राणा, उत्कर्ष सिंह चौहान, उज्जवल, विराट पाण्डेय, रजत, किशन, युवराज सिंह व अन्य कार्यकर्ता विद्यालयों, महाविद्यालयो से आए शिक्षकगण डॉ सुनीता राठौर, डॉ शिवकुमार, डॉ सीमा पाण्डेय, डॉ प्रतिमा घोष, डॉ बिना राय की भी उपस्तिथि रही।

## शिक्षा से ही बच्चों का समग्र विकास संभव –लाल विहारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के खुटहन विकास क्षेत्र के ग्राम विकास इण्टर कॉलेज में नव निर्मित भवन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए शिक्षक विधायक लाल विहारी यादव एवं पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव 'ललई' ने भवन का उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण और स्वागत गीत से किया गया। सबसे पहले सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक रमेश यादव ने कहा कि विद्यालय के बच्चे विगत् कर्ष्ड वर्षो् से अच्छा परिणाम ला रहें हैं ।बच्चों की सभा को संबोधित करते हुए लाल विहारी यादव ने कहा कि बच्चों का समग्र विकास शिक्षा से ही सम्भव है, शिक्षकों, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती तब तक प्रयास करता रहूंगा। पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव 'ललई' ने कहा क्षेत्र के शहीदों का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि इतिहास से सीखते हुए आगे बढ़ा जाय ।इस अवसर पर विनय कुमार वर्मा द्वारा माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट और अटेवा पेंशन बहाली मंच की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राम अकबाल यादव द्वारा प्रधानाचार्य नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव के लिए ज्ञापन सौंपा गया। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार विद्यालय के बच्चों की सुविधाओं की ओर विधायक का ध्यान खींचा। कार्यक्रम का संचालन



शिक्षक ईश्वर देव यादव ने किया। इस कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक राम शिरोमणि वर्मा,राम कुमार यादव,फते बहादुर यादव, लाल बहादुर यादव,अनिल यादव, लाल बिहारी यादव,नीरज यादव, रामराज,सतिराम यादव,केशव मौर्य,विरेन्द्र मिश्र,अमित मिश्रा, हरिश्चंद्र यादव,रवीन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## दक्षिण भारत की आईटी फर्म अलीगढ़ में करेगी 28 हजार करोड़ का निवेश

अलीगढ़ ब्यूरो : इंवेस्टर्स समिट के जरिये दक्षिण भारत की एक आईटी फर्म 28 हजार करोड़ के निवेश पर करार कर रही है। यह फर्म अलीगढ़ में सेमी कंडक्टर बनाने संबंधी यूनिट लगाएगी, जिसमें 1300 कर्मचारियों को रोजगार मिलने का लक्ष्य अभी तक तय किया गया है। अब अधिकारी इस फर्म से जुड़े निवेशकों से इसकी पूरी बारीकियां जानने के लिए संपर्क में हैं। दक्षिण भारत की जयरमन–राजशेखार सेमी कंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड नाम की इस फर्म ने अलीगढ़ में हल्के वाहनों में लगने वाले सेमी कंडक्टर बनाने की यूनिट स्थापना के लिए करार किया है। इसने अपने करार में 28 हजार 919 करोड़ रुपये के निवेश का उल्लेख किया है और 1300 कर्मचारियों की आवश्यकता बताई है। उद्योग केंद्र के उपायुक्त बीरेंद्र सिंह बताते हैं कि फर्म की ओर से यह करार किया गया है। अब इस फर्म से जुड़े निवेशकों से इससे जुड़ी सभी बारीकियों पर वार्ता जारी है। क्योंकि यह अपने आप में एक बड़े निवेश का करार है। निवेश कुंभ में दिखाया जाएगा इंवेस्टर्स समिट का प्रसारण उपायुक्त उद्योग केंद्र बीरेंद्र कुमार सिंह के अनुसार 10 फरवरी से 12 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित इंवेस्टर्स समिट का लाइव प्रसारण दिखाने के लिए यहां निवेश कुंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम नुमाइश मैदान के मुक्ताकाश मंच पर दिखाने की तैयारी है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, निवेशकों व छात्र–छात्राओं को आमंत्रित किया जा रहा है। उद्यमी मित्र किए जाएंगे तैनात प्रदेश भर में इस समिट के बाद 104 मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र तैनात किए जाएंगे। यह जिला वार निवेशकों व उद्योग विभाग व अन्य विभागों के बीच समन्वय का काम करेंगे। इसमें एमबीए डिग्री धारी युवा व सेवानिवृत्त अधिकारी भी चयनित किए जा सकते हैं। इस विषय में उपायुक्त बीरेंद्र सिंह बताते हैं कि इसका चयन शासन स्तर से होगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुयी मा0 मुख्यमंत्री जी के 37 प्राथमिकता वाले बिन्दुओ की समीक्षा बैठक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री जी के 37 प्राथमिकता वाले बिन्दुओ की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को गोल्डेन कार्ड बनाने के कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी हेल्थ वेलनेस केन्द्रों को क्रियाशील रखा जाए, स्वास्थ्य मेलों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। 'बेटी बचाओ, बेटी बचाओ' कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुरूप प्रथम व तृतीय सोमवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जायें। होर्डिंग व दीवार लेखन समस्त ग्राम पंचायतों व जनपद के प्रमुख स्थानों पर कराया जाए। सीएचसीध्पीएचसी केन्द्रों पर डिजिटल गुड्डा–गुड्डी बोर्ड की स्थापना करायी जाए। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में जनपद टॉप–10 उत्तीर्ण बालिकाओं को रसखान प्रेक्षागृह में सम्मानित किया जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग को टीकाकरण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के कार्य मे तेजी लायी जाए। अवशेष गोवंशों की इयर टैगिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों का सत्यापन कार्य जल्द पूर्ण किया जाये। पंचायती राज विभाग को निर्मित सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत शिक्षा विभाग व पंचायती राज विभाग सभी 19 बिन्दुओं पर कार्य करते




हुए सैचुरेशन प्राप्त किया जाए। सभी प्राथमिक विद्यालयों में दिव्यांग शौचालयों का निर्माण जल्द सुनिश्चित किया जाए। निर्माणाधीन पंचायत भवनों का निर्माण जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष चिन्हित परियोजनाओं की डीपीआर को जल्द अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। लक्ष्य के अनुरूप कनेक्शनों की संख्या बढ़ाई जाए। समाज कल्याण, प्रोबेशन व दिव्यांगजन कल्याण विभाग को पेंशन लाभार्थियों के आधार सीडिंग के कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सेवायोजन अधिकारी की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जतायी। आईजीआरएस शिकायतों के संबंध में उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण में लाएं तेजी – मंडलायुक्त

अलीगढ़ ब्यूरो : मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने सोमवार को निर्माणाधीन राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य में तेजी लाएं, ताकि यहां शैक्षिक सत्र जल्द शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। दोनों ही सरकारें निर्माण कार्य की सघन निगरानी कर रही हैं। शीर्ष प्राथमिकता वाले इस प्रोजेक्ट के निर्माण में मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। लापरवाही एवं समय का ध्यान न रखने के कारण पहले ही कार्यदायी संस्था पर अर्थदंड आरोपित किया जा चुका है। मंडलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्मांणदायी संस्था के अफसरों से परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। पर्यवेक्षण का कार्य देख रहे लोक निर्माण विभाग विश्व बैंक के अधिशासी अभियंता इंद्रपाल सिंह ने बताया कि ईपीसी मोड पर निर्माणाधीन राज्य विश्वविद्यालय 100.351 एकड़ में प्रस्तावित है। प्रथम चरण में 22.34 एकड़ में निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंडलायुक्त ने प्रशासनिक एवं पुस्तकालय भवन, शैक्षणिक भवन, पुरुष एवं महिला छात्रावास, सुविधा केंद्र, पुलिस चौकी, उपकुलपति, शैक्षणिक एवं



स्टाफ आवासीय भवन, गार्डरूम, बाउंड्रीवाल, सड़क निर्माण की कार्य प्रगति में हो रही देरी को लेकर नाराजगी व्यक्त की। यहां अभी तक प्रस्तावित विद्युत सबस्टेशन का कार्य भी शुरू नहीं किया गया है। मंडलायुक्त ने थ्री– डी नक्शे का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा करने का समय करीब है, मानव श्रम, तकनीक एवं मशीनों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय को शहरी फीडर से आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था को विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे चल रहे निर्माण कार्य की सघन निगरानी करें।

## 2023–24 हेतु आबकारी दुकान संचालन के लिए प्रदान किया गया नवीनीकरण का अवसर

जौनपुर सू.वि. : जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित नई आबकारी नीति के क्रम में अपर मुख्य सचिव संजय आर0 भूसरेड्डी, आबकारी आयुक्त सेथिंल पांडियन सी के निर्देशन में वर्ष 2022–23 में पूर्व संचालित आबकारी दुकानों के अनुज्ञापियों को वर्ष 2023–24 हेतु दुकान संचालन के लिए नवीनीकरण का अवसर प्रदान किया गया है। इसके अनुसार जनपद जौनपुर में निर्धारित समय सारणी के अनुसार 03 फरवरी 2023 से आन लाईन प्रक्रिया द्वारा ई–लाटरी पोर्टल के माध्यम से नवीनीकरण के लिए रजिस्ट्रेशन करते हुए प्रोसेसिंग फीस जमा करने की प्रक्रिया लाइसेंस प्राधिकारी/जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में शुरूआत की गयी जो 07 फरवरी 2023 को 12:00 बजे समाप्त हुई। इस दौरान जनपद में संचालित देशी शराब की कुल 277 दुकानों में से 266 दुकानों के द्वारा नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रोसेसिंग फीस जमा करते हुए नवीनीकरण प्रारम्भ किया गया। विदेशी मदिरा की कुल 107 दुकानों में से 101 दुकानों के अनुज्ञापियों द्वारा नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रोसेसिंग फीस जमा करते हुए नवीनीकरण प्रारम्भ किया गया। बीयर की जनपद में कुल 100 दुकानों में से 99 दुकानों के अनुज्ञापियों द्वारा नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रोसेसिंग फीस जमा करते हुए नवीनीकरण प्रारम्भ किया गया। जनपद में एक मात्र माडलशाप की दुकान के लिए निर्धारित प्रोसेसिंग फीस जमा करते हुए नवीनीकरण प्रारम्भ किया गया। इसी प्रकार भांग की कुल 60 दुकानों में से 49 दुकानों के अनुज्ञापियों द्वारा नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रोसेसिंग फीस जमा करते हुए नवीनीकरण प्रारम्भ किया गया। इस वर्ष प्रोसेसिंग फीस की धनराशि में वृद्धि करते हुए देशी शराब एव बीयर की दुकानों के लिए प्रति दुकान रूपये 30000 विदेशी मदिरा दुकानों के लिए 35000 माडलशाप के लिए रूपये 50000 तथा भांग की दुकानों के लिए प्रति दुकान रूपये 20000 निर्धारित किया गया था। इस प्रकार जनपद में अभी तक प्रोसेसिंग फीस के रूप में रूपये 1.55 करोड़ से अधिक की धनराशि अनुज्ञापियों द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष हेतु जमा की जा चुकी है। इसके उपरान्त 09 फरवरी 2023 से 14 फरवरी 2023 के मध्य प्रोसेसिंग फीस जमा करने वाले सभी अनुज्ञापियों द्वारा अपनी दुकान हेतु निर्धारित सम्पूर्ण नवीनीकरण फीस एवं आधी बेसिक लाइसेंस फीसध्लाइसेंस फीस की धनराशि जमा की जानी है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी नई आबकारी नीति में उल्लिखित प्रावधानों के अन्तर्गत देशी शराब की कुल 96 प्रतिशत, विदेशी मदिरा की लगभग 95 प्रतिशत, बीयर की 99 प्रतिशत, माडलशाप की 100 प्रतिशत तथा भांग की लगभग 82 प्रतिशत दुकानों के अनुज्ञापनों का नवीनीकरण प्रक्रिया की शुरूआत सम्पादित की जा चुकी है। नवीनीकरण द्वारा दुकानों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया के दौरान ही जनपद जौनपुर के आबकारी विभाग के कार्यालय में नये लोगों द्वारा दुकानों के अनुज्ञापन प्राप्त करने हेतु रोजगार प्राप्त करने के तौर पर काफी अधिक संख्या में प्रतिदिन लोग आ रहे है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जनपद में नवीनीकरण से अवशेष कुल मात्र देशी शराब की 11, विदेशी मदिरा की 06, बीयर की 01 एवं भांग की 11 दुकानों के व्यवस्थापन के लिए भारी संख्या में आवेदन प्राप्त होने की सम्भावना है। उपरोक्त अवशेष दुकानों का व्यवस्थापन सार्वजनिक ई–लाटरी के माध्यम से किया जाना है जिसके लिए आवदेन सरकार द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार आन प्रक्रिया द्वारा 20 फरवरी 2023 से प्रारम्भ होगा।

# जनवरी से दिसम्बर 2023 तक 01 वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का लिया गया निर्णय

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा, योजनान्तर्गत गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह—जनवरी 2023 से माह—दिसम्बर, 2023 तक, 01 वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के क्रम में माह—फरवरी, 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम—2013 के अन्तर्गत माह—जनवरी, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का, निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों में माह—अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी का वितरण 08 फरवरी 2023 से 15 फरवरी 2023 के मध्य किया जायेगा। उक्त वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा० चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों में माह—अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रु0— 18 प्रति किग्रा० की दर से चीनी का वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी वितरण के सम्बन्ध में पोर्टबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों में चीनी वितरण की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार लाभार्थियों/राशनकार्डधारकों में खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों में माह—अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रु0— 18 प्रति किग्रा० की दर से चीनी का वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

# अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का एनएलयू के कुलपति ने किया उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेल—कूद से आपसी मेल—जोल बढ़ने के साथ ही स्वस्थ्य मनोरंजन को बढ़ावा मिलता है और सुन्दर व बेहतरीन समाज की स्थापना होती है। खेल से युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा उजागर होकर बाहर निकलती हैं। क्षेत्र के करियांव गांव स्थित बड़ी बाग के खेल मैदान पर अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन नेशनल ला यूनिवर्सिटी के कुलपति योगश प्रताप सिंह ने किया। देश के यंगेस्ट वीसी बनाए जाने के बाद गृह जनपद में उनका प्रथम आगमन है। क्रिकेट टूर्नामेन्ट का उद्घाटन फीता काटकर, खेल का शुभारम्भ के लिए जहां प्रतीक के रूप में बैटिंग करने के लिए गिरजाशंकर उतरे, जिनके लिए बालिंग पुष्पेन्द्र सिंह ने किया। राष्ट्रगान के साथ ही जौनपुर टीम के कप्तान आशीष कुमार व मछलीशहर के कप्तान संदीप सिंह के सामने शुरूआती मैच के टांस का सिक्का भी मुख्य अतिथि द्वारा उछाला गया। जिसमे मछलीशहर ने टॉस जीतकर 20 ओवर में 103 रन बनाकर आल आउट हो गयी। लक्ष्य का पीछा करने जवाब में उतरी जौनपुर की टीम ने मात्र 14 ओवर में शानदार बैटिंग करते हुए शुभारम्भ मैच को जीत लिया। के पी एल टके अध्यक्ष सिंह ने सबके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद एडवोकेट, अखिलेश सिंह तसमुल खान बन्ने, कृष्णकांत दूबे समेत क्षेत्र के तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

# बैंक अकाउंट का चेक देकर जमीन का कराया बैनामा : बैनामे के बाद चेक किया कैंसिल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के सरायखाझा थाने के खजुरा गांव निवासी एक महिला ने पैसे की जरुरत पडने पर गांव के ही एक युवक को अपनी जमीन के अराजी संख्या से 079 हे0 बैनामा कर दिया। उक्त गांव निवासी युवक ने बैनामा कराने से दो माह पूर्व ही काशीगोमती संयुक्त बैंक बडोदा यूपी का चेक संख्या 384803 में चार लाख का रूपये भरकर 28/6/2021 को दिया। विक्रेता सरायखाझा थाना क्षेत्र के खजुरा गांव निवासी आशा देवी पत्नी स्व समारु ने जब वह चेक बैक में डालकर पैसा निकालने के लिए कहा तो क्रेता उक्त गांव निवासी कुंवर जीत पुत्र जियालाल ने बैक में पैसा न होने का बहाना कर चेक डालने से मना कर दिया। और कुटरचित तरीके से जमीन का बैनामा 17/8/2021 को तहसील शाहगंज रजिस्टार आफिस में बैनामा अपने नाम करवा लिया।जब विक्रेता ने बैंक में चेक डालकर भुगतान हेतु जमा किया गया तो काशीगोमती ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा यह कहा गया कि इस समय यह चेक कैंसिल कर दिया गया है। क्यूंकि काशीगोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक बडौदा यूपी बैंक में मर्ज की गयी है। उपरोक्त कुंवर जीत यह जानते हुए कि इस चेक द्वारा पैसा नही प्राप्त होगा। फिर भी चेक पिडिता को दिया। उपरोक्त कुंवर जीत के घर जब पैसा मागने के लिए अपने पिता व पुत्र राहुल के साथ पैसा मांगने गयी तो उनके द्वारा टाल—मटोल किया जाने लगा। अंत में उन्होंने कहा कि हमने चेक दे दिया है। आपको पैसा मिले या ना मिले इसके जिम्मेदार हम नही है। यह बात सुनकर पिडिता काफी परेशान हुई और 3/9/2022 को तहसील शाहगंज जाकर बैनामा निकलवाई तो पता चला कि उपरोक्त कुंवर जीत द्वारा गलत व फर्जी तरिके से कागजात तैयार कर प्रार्थनीय की भुमिधरी अराजी में कुंवर जीत ने 8/8/2022 को उक्त गांव निवासी पूनम पत्नी संजय पाल के नाम बैनामा कर दिया। जिसकी शिकायत पिडिता ने कोतवाली शाहगंज व पुलिस अधीक्षक जौनपुर को दिया। पिडिता की कही सुनवाई न होने पर पिडिता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने सरायखाझा थाना क्षेत्र के खजुरा गांव निवासी कुंवर जीत पुत्र जियालाल व उक्त गांव निवासी पूनम पत्नी संजय पाल के विरुद्ध संबंधित धारा 420/406 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी।

# लखनऊ से वाराणसी के बीच दौड़ेगी मिरर ट्रेन : शटल को देगी टक्कर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लखनऊ से वाराणसी के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्री सफर करते हैं, जो काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जाते हैं। ऐसे में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने पूर्व में चल रही वरुणा एक्सप्रेस की जगह शटल ट्रेन का संचालन शुरू किया, जो कम समय में सफर पूरा कर रही है। यह एसी चेयरकार गाड़ी संख्या 20401 वाराणसी लखनऊ शटल ट्रेन सुबह छह बजे वाराणसी से चलती है और जौनपुर, सुलतानपुर, मुसाफिरखाना, निहालगढ़ होते हुए सुबह 10.10 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच जाती है। ट्रेन सफर में कुल 4.10 घंटे का समय लेती है। वापसी में ट्रेन नंबर 20402 लखनऊ—वाराणसी शटल ट्रेन शाम छह बजे चारबाग से रवाना होकर रात 10.10 बजे वाराणसी जंक्शन पहुंच जाती है। अब रेलवे प्रशासन लखनऊ—वाराणसी के बीच मिरर ट्रेन चलाने जा रहा है, जिसका प्रस्ताव बनाकर बोर्ड को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि मार्च से यह ट्रेन पटरी पर उतर आएगी। वाराणसी जाने वाली मिरर ट्रेन सुबह छह बजे चारबाग से चलकर 10.10 बजे वाराणसी पहुंचेगी और वापसी में शाम छह बजे वाराणसी से चलकर रात 10.10 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच जाएगी। जानिए क्या होती हैं मिरर व क्लोन ट्रेनें डीआरएम सुरेश कुमार सपरा ने बताया कि क्लोन व मिरर ट्रेनें अलग—अलग होती हैं। जैसे एसी एक्सप्रेस लखनऊ मेल की क्लोन ट्रेन है। क्लोन ट्रेनें ओरिजनल ट्रेनों के आगे—पीछे संचालित की जाती हैं, जो सफर में लगभग बराबर ही समय लेती हैं। वहीं मिरर ट्रेन उन ट्रेनों को कहा जाता है, जो विपरीत दिशा से एक ही समय पर चलाई जाएं। जैसे कि शटल ट्रेन वाराणसी से लखनऊ सुबह छह बजे चलती है। वैसे ही ठीक छह बजे मिरर ट्रेन लखनऊ से वाराणसी के लिए रवाना की जाएगी। बढ़ाई जा रहीं सुविधाएं शटल व मिरर ट्रेन के यात्रियों के सफर को सुविधाजनक बनाने के लिए चारबाग रेलवे स्टेशन पर सभी प्लेटफॉर्मों को एस्केलेटर व लिफ्ट से जोड़ा जा रहा है, ताकि ट्रेन के आने व जाने पर तत्काल यात्री आसानी से आवाजाही कर सकें। वहीं, वाराणसी में यार्ड रिमॉडलिंग होने पर ट्रेनों का ऑपरेशन बेहतर हो जाएगा। अभी वाराणसी में एक नंबर प्लेटफॉर्म लखनऊ से कनेक्टेड नहीं है, जिसकी वजह से ट्रेन को बाकी प्लेटफॉर्मों पर ले जाना पड़ता है। इससे असुविधाएं होती हैं। यात्रियों को मिलेगी राहत डीआरएम, उत्तर रेलवे सुरेश कुमार सपरा ने बताया लखनऊ से वाराणसी के लिए मिरर ट्रेन का प्रस्ताव भेजा गया है। शटल ट्रेन वाराणसी से सुबह छह बजे लखनऊ के लिए चलती है। मिरर ट्रेन लखनऊ से इसी समय वाराणसी के लिए रवाना होगी। इस ट्रेन से यात्रियों को खासी राहत हो जाएगी।

# कुलपति द्वारा शिक्षण सामाग्री पाकर चहक उठे देवकली आँगनवाड़ी के बच्चे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कुलाधिपति के निर्देश पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए देवकली गाँव के बल्ली का पूरा,आंगनबाड़ी केंद्र पर कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने 100 बच्चों को शिक्षण सामाग्री एवं



मिष्ठान का वितरण किया।अपने संबोधन में कुलपति ने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया।कुलसचिव महेंद्र कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें बड़ा होकर नेक इंसान बनने का आह्वान किया। शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ राहुल सिंह ने भी बच्चों को संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव ने किया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका श्रीमती मिथिलेश शर्मा, सहायक अध्यापिका श्रीमती अर्चना यादव,रिंका यादव,स.अ.जीतेंद्र कुमार यादव,शिक्षा मित्र दया नाथ, आंगनबाड़ी रेखा मिश्रा, गौरी मिश्रा, अनीता यादव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय कुमार वर्मा,निजी सचिव डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, प्रबंधक मुन्ना यादव,अजय यादव,आलोक मौर्य, विजय, संदीप गुडडू,प्रियांशु प्रधान,हर्ष साहू,रिंसू सिंह सहित एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## शरद श्रीवास्तव बने सिकरारा के नए बीडीओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लाक मुख्यालय पर नवागत खण्डविकास अधिकारी शरद श्रीवास्तव ने सोमवार को विधिवत कार्यभार संभाल लिया।ब्लॉक कर्मियों ने नवागत बीडीओ का गर्मजोशी से स्वागत किया।यहाँ तैनात बीडीओ अस्मिता सेन का सुजानगंज तबादला हो गया था।वे सिकरारा के साथ साथ सिरकोनी का भी कार्य देख रही थी।उनके स्थान पर मुख्यालय से शरद श्रीवास्तव को भेजा गया। वे सोमवार को ब्लाक मुख्यालय पहुँचकर विधिवत कार्यभार संभाल लिए। ज्वाइंट बीडीओ संजीवरत्न श्रीवास्तव, एडीओ आइएसबी कृष्णकुमार मिश्र,राज कुमार पाण्डेय ,दीपक यादव ,प्रदीप शंकर श्रीवास्तव, विवेकानन्द यादव आदि ने बुके देकर नए खण्ड विकास अधिकारी का स्वागत किया।

# आशाओं को निःशुल्क मोबाइल के बदले 300 रु वसूली का आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुइथाकलां पर सोमवार को बीसीपीएम पर आशा कार्यकर्ताओं को निःशुल्क मोबाइल वितरण के बदले वसूली करने की बात पर हंगामा खड़ा हो गया। आरोप है कि सभी से तीन—तीन सौ रुपए की वसूली की गई। अस्पताल पर सोमवार को बीसीपीएम सुरेश कुमार द्वारा आशा कार्यकर्ताओं की मीटिंग बुलाई गई थी। आरोप है कि इस दौरान बीसीपीएम निःशुल्क मोबाइल के बदले हर कार्यकर्ता से तीन सौ रुपए बतौर सुविधा शुल्क वसूल कर रहे थे। कुछ कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया तो हंगामा खड़ा हो गया। इस बीच लेनदेन के आरोप का वीडियो किसी ने इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोपित से जब इस बारे में बात की गई तो वह इस तरह की किसी भी बात से मुकर गया। आरोप के बारे में जब प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. एस पी यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मैंने बीसीपीएम को मीटिंग में मोबाइल वितरण से मना किया था। बहरहाल मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। वहीं आशाओं में यह चर्चा है कि 300 रु0 वसूली में डॉ0 से लेकर बीसीपीएम तक शामिल हैं।

# बिजलेंस टीम द्वारा विद्युत चोरी में पकड़े गए ग्यारह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रभारी प्रवर्तन दल जौनपुर टीम के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मीरगंज व भिदुना में विद्युत चोरी में पकड़े गए ग्यारह लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। जिससे विद्युत चोरी करने वालो में हड़कम्प मच गया है। प्रभारी प्रवर्तन दल जौनपुर रमाशंकर के अनुसार— बिजली चोरी में पकड़े गए ग्यारज लोगो के खिलाफ बिजलेंस टीम ने कनेक्शन विच्छेदित कराकर विद्युत चोरी के आरोप में 135 के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिससे अवैध कटियामरो में हड़कम्प मच गया हैं। बिजलेंस टीम में बलवान सिंह यादव, अनंत राय, अनिल उपाध्याय मय टीम, अवर अभियंता अवधेश कुमार, प्रदीप कुमार, दिनेश,अर्जुन कुमार, सहित अन्य लोग टीम में मौजूद रहे। विजलेंस टीम द्वारा इस कठोर कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया है।

## सफर के दौरान ट्रेन के शौचालय में गिरकर युवक घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिल्ली से कैफियत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर के दौरान यात्री सौचालय में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य यात्रियों की सूचना पर आरपीएफ पुलिस ने उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती । प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ जनपद के मधुबनी थाना क्षेत्र के दर्गाह निवासी विवेक (28)पुत्र गुलाब चंद मंगलवार की सुबह कैफियत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर अपने घर दर्गाह जा रहा था। ट्रेन जैसे ही स्थानीय स्टेशन पर पहुंचा। यात्री सौचालय के पास अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य यात्रियों की सूचना पर आरपीएफ पुलिस ने उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# सुबह टहलने निकले युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर में मंगलवार की सुबह छः बजे मार्निंग वाक पर निकले युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। जिससे परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पंहुची पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। नरायनपुर निवासी 20 वर्षीय ईशाद पुत्र अजीम शेख रोजाना की भांतिध मार्निंग वाक पर निकला, गांव के जौनपुर गाजीपुर मार्ग पर ज्यों ही वह पंहुचा, अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटना स्थल पर उसकी मौत होध गयी। घटना की जानकारी से लोग अवाक ही गए। पुलिस भी मौके पर पंहुची और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक अपने पिता की छह सन्तानों में सबसे छोटा था। मृतक के पिता घर पर रहते है। वही ईसाद राजाराम महाविद्यालय पतरही में आईटीआई का छात्र था। सूचना पर घटना स्थल पर अपने हमराहियों के साथ पहुँचे प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा ने बताया कि मृतक के भाई असलम की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

# मोबाइल फोन पर बात कर रहे युवक की ट्रेन के चपेट में आने से मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में सोमवार की रात रेलवे ट्रैक पार करते समय मोबाइल से बात करना युवक के लिए भारी पड़ गया। घटना के फलस्वरुप ट्रेन के धक्के से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया। बता दें कि गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी प्रिंस मौर्य 19 पुत्र सियाराम मौर्य सोमवार की रात गांव के बगल से गुजरे जौनपुर— गाजीपुर रेलवे ट्रैक को पार करते समय मोबाइल से बात कर रहा था। इसी दौरान गाजीपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन ने उसे धक्का मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन का धक्का इतना जोरदार था कि प्रिंस लगभग 50 फीट दूर जाकर गिरा तथा मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घर के इकलौते कमाऊ पूत की मौत से परिवार में कोहराम मचा रहा। प्रिंश डीजे व लाइट हाउस चलाकर किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। प्रिंश के पिता बेटे की मौत से रह— रह कर बेसुध हो जा रहे है। प्रभारी निरीक्षक गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने बताया कि शव को रात्रि में ही पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# एसपी ने बैंक का किया आकस्मिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बदलापुर में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। परिसर में अचानक उनके आने से अफरातफरी मच गयी! उन्होंने बैंक परिसर में सायरन बजवा कर तथा सीसीटीवी की स्थिति को देखा। सायरन जहाँ बजता हुआ पाया गया वहीं सीसीटीवी भी दुरुस्त पायी गयी! उन्होंने पांच छ संदिग्धों से बैंक में आने का कारण भी पूछा। कारण सही बताने पर उन्होंने संतुष्टि व्यक्त किया! परिसर के बाहर आने पर उन्होंने बाहर खड़े लोगों से भी खड़े होने के कारण की जानकारी लिया। मात्र 10 मिनट रुकने के बाद आवश्यक फोन आने पर पुलिस अधीक्षक पुनः जनपद मुख्यालय के लिए रवाना हो गए। पुलिस कप्तान के आने के पहले से ही प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडे मैं हमराही सिपाहियों के साथ बैंक परिसर में तथा परिसर से बाहर संदिग्ध वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में लगे हुए थे। निरीक्षण के दौरान सीओ शुभम तोंदी, प्रभारी निरीक्षक संतोष पांडे सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा कापियों का मूल्यांकन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में परीक्षाओं के साथ—साथ मूल्यांकन का भी काम अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय पूरी तरीके से तैयारियों में जुट गया है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कि सेमेस्टर परीक्षा 27 जनवरी से शुरू हो चुकी है। परीक्षा के लिए जौनपुर, गाजीपुर में प्रयागराज में कुल 315 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। जिसमें राज्य विश्वविद्यालय से संबंध 552 कॉलेजों में ढाई लाख से अधिक छात्र—छात्राएं शामिल है। छात्राओं की सहूलियत के लिए विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय ने अगले सप्ताह से स्नातक और परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाओं का मूल्यांकन परीक्षाओं के साथ साथ कराने का फैसला किया है। जिससे परीक्षा फल आने में कोई समस्या का सामना ना करना पड़े।इस मामले में मंगलवार को जानकारी देते हुए अजीत प्रताप सिंह सहायक कुलसचिव परीक्ष ने बताया की परीक्षा नकल विहीन कराई जा रही है साथ साथ मूल्यांकन की तैयारियां चल रही है अगले सप्ताह से मूल्यांकन का काम शुरू कर दिया जाएगा जिससे रिजल्ट आने में किसी प्रकार की समस्या ना हो।

## चेकिंग के दौरान गौ तस्करी का आरोपी गिरफ्तार : तमंचा व कारतूस बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंगलवार की सुबह खेतासराय पुलिस ने चेकिंग के दौरान फरार चल रहे गो तस्करी के टाप टेन आरोपी को पकड़ने मे सफलता प्राप्त की । थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की पुलिस बल द्वारा चेकिग के दौरान गौ तस्करी का टॉप 10 आरोपी मो0 आजम निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय को एक तमंचा मय कारतूस के साथ क्षेत्र के गोरारी तिराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व शस्त्र बरामदगी के आधार पर थाने मे धारा 3/25 आर्म्स एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपा सरकार ने किसानों नौजवानों को धोखा दिया है —रीबू श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव का जौनपुर जनपद आगमन पर वाजिदपुर तिराहा पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। इन अवसर पर पत्रकरो से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया है, अब सबको धोखा दे रही है। ये तमाम सवाल समाजवादी पार्टी के लोग उठाते रहे हैं, महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सबसे ज्यादा समाजवादी सरकार में रही है आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित समझती हैं ऐसे तमाम मुद्दे हैं जिसको लेकर संघर्ष करूंगी समाजवादियों ने कभी किसी को अपमानित नहीं किया है, सबको स्वीकार किया। हम लोग भगवान विष्णु से लेकर उनके जितने अवतार है, सबका सम्मान करते हैं। सभी धार्मिक ग्रन्थों का सम्मान करते है। कहा कि संविधान भी हमारा धर्म है बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, डा0 राम मनोहर लोहिया ने कोशिश किया कि जातियां खत्म हो जायें। नेताजी कोशिश करते रहे जातीय भेदभाव खत्म हो, लेकिन कुछ चीजें सच्चाई है, उसे स्वीकार करनी पडेग्गी लोगों को बीजेपी से बचने की सलाह देते हुए कहा कि वह मायावी पार्टी है कब क्या मुद्दा उठा दे पता नहीं चलेगा भाजपा झूठ का चमत्कार करने में माहिर है। कहा कि मै जौनपुर की बात कर रही हूं जौनपुर मे जितने भी विकास दिख रहे है सब समाजवादी सरकार मे हुऐं समाजवादी सरकार में बने जौनपुर



मेडिकल कॉलेज भाजपा सरकार ने खंडहर के रूप में परिवर्तित कर दिया है नाम बदल दिया नाम बदलने से विकास नहीं होता है। ये देश का बड़ा सवाल है, एक दिन में समझने से नहीं होगा । स्वागत में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी रुक्सार अहमद,पूनम मौर्या,दीपचंद राम राजेश यादव इरशाद मंसूरी दिनेश फौजी गौरी कमालुद्दीन अंसारी भानु प्रताप मौर्या गुड्डू सोनकर शिवजीत यादव, रजनीश मिश्रा,अलमास सिद्दीकी तौफीक अहमद,रामाशंकर यादव विक्की यादव अजय प्रजापति सोनी यादव सोनी सेठ सीमा खान, शबीना खान विकास सोनकर, राजबहादुर राम,अशफाक आदि लोग उपस्थित रहे ।

# नागरी संगम पत्रिका का किया गया लोकार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नागरी संगम पत्रिका के 45वें अखिल भारतीय नागरी लिपि सम्मेलन, विशेषांक का लोकार्पण राजघाट स्थित नागरी लिपि परिषद के केन्द्रीय कार्यालय पर मंगलवार को हुआ।इस अवसर पर नागरी लिपि परिषद के अध्यक्ष व पूर्व कुलपति डॉ पीसी पतंजलि ने कहा कि आसाम के ग्रामीण इलाके में नागरी लिपि का सम्मेलन ऐतिहासिक व सार्थक रहा। वहां के लोगों से मिलने के बाद अपनापन की अनुभूति हुई। बच्चों ने इतना प्यार दिया कि उनके साथ मुझे भी बिहु नृत्य में शामिल होना पड़ा। नागरी लिपि परिषद के महामंत्री व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ हरिसिंह पाल ने कहा कि इस विशेषांक में असम सम्मेलन व नेपाल में आयोजित नागरी संगोष्ठी का विशेष रूप से विवरण दिया गया है




और इस सम्मेलन में पढ़ें गये शोध पत्रों को भी विशेष रूप से स्थान दिया गया है। इस अवसर पर नागरी सेवी सरदार कादरी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजीव कुमार पाल पूर्व भविष्य निधि आयुक्त, प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर ब्रजेश कुमार यदुवंशी,आर एन पाल पूर्व संयुक्त आयुक्त व्यापार कर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में मैनपुरी में तैनात एडीजे पूनम त्यागी की मौत : डिवाइडर से टकराई कार

मैनपुरी ब्यूरो : फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में मंगलवार सुबह आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नगला खंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत माइल स्टोन–65 के समीप मैनपुरी में तैनात एडीजे (पाक्सो) पूनम त्यागी की कार हादसे का शिकार हो गई। जिसमें चालक और एडीजे गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी होते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल एडीजे और उनके चालक को सैंफई पीजीआई में भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद एडीजे को मृत घोषित कर दिया, जबकि चालक का उपचार चल रहा है। छुट्टी बिताने के बाद लौट रहीं थीं मैनपुरी दो दिन की छुट्टी बिताने के बाद एडीजे (पाक्सो) पूनम त्यागी अपनी कार से मैनपुरी आ रही थीं। जब उनकी कार आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 65.700 माइल स्टोन के समीप पहुंची, तभी चालक को नींद आ गई। जिससे कार आगे जा रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। कार को सचिन पुत्र संतराम निवासी कस्तला थाना इंचोली जिला मेरठ चला रहा था। हादसा होने के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे अधिकारी हादसे की जानकारी होते ही थानाध्यक्ष महेश चंद्र फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। एडीजे (पाक्सो) की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी होते ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पुहंच गए। तत्काल




प्रभाव से घायलों को पीजीआई सैंफई भेजा, जहां डॉक्टरों ने पूनम त्यागी को मृत घोषित कर दिया। क्षतिग्रस्त कार पुलिस चौकी उरावर पर खड़ी करा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पूनम के पति भी मेरठ न्यायालय में तैनात बताए गए हैं। कार चालक का चल रह उपचार इस संबंध में एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि हादसे में मैनपुरी में तैनात एडीजे पूनम त्यागी की सड़क हादसे में मौत हो गई है। शव का पोस्टमार्टम सैंफई पीजीआई में हो रहा है, जबकि उनके चालक का उपचार चल रहा है। उसकी हालत भी गंभीर है।

# अदानी समूह को लेकर कांग्रेस ने एलआईसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन : पुलिस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हुई नोकझोंक

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।कांग्रेस पार्टी ने अदानी समूह को लेकर एलआईसी कार्यालय के सामने जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस जन बेनीगंज चौराहे से सरकार विरोधी नारे लगाते हुए एलआईसी कार्यालय तक पहुंचे। एलआईसी कार्यालय के अंदर घुसने का प्रयास कर रहे कांग्रेसियों और पुलिस में नोकझोंक हुई। इससे पूर्व बेनीगंज चौराहे पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा आम भारतीय की कीमत पर अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश खासकर मध्यमवर्ग परेशान है मोदी सरकार द्वारा अडाणी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों तथा एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और स्टेट बैंक के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। श्री यादव ने कहा हम भारत सरकार से मांग करते हैं हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अदानी पर जो आरोप लगाए गए हैं उस की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जनता के पैसे को नुकसान ना होने पाए ऐसी व्यवस्था की जाए। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा आज सरकार की गलत नीतियों से आम आदमी की गाढ़ी कमाई का पैसा डूबने की कगार पर आ गया है। एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह तथा पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ने कहा एलआईसी और एसबीआई जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हमारे देश का गौरव है और करोड़ों भारतीयों की गाढ़ी कमाई से बने हैं। अपने सबसे अच्छे दोस्त की मदद करने के इरादे से मोदी सरकार ने जबरदस्ती एलआईसी ,एसबीआई और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अदानी समूह में निवेश किया है और पिछले कुछ दिनों में एलआईसी के 39 करोड़पति धारकों और निवेशकों को 33060 करोड़ का नुकसान हुआ है। प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू तथा जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कांग्रेस पार्टी कभी किसी खास भारतीय कारपोरेट घराने के खिलाफ नहीं रही है, हम घोर पूंजीवाद के खिलाफ हैं। कांग्रेस पार्टी चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए जो नियम बदले जा रहे हैं उस विचार के खिलाफ हैं ।कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब और आम आदमियों के साथ खड़ी रहती है और खड़ी रहेगी। एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा तथा नगर निकाय चुनाव के संयोजक शैलेंद्र मणि पांडे ने कहाप्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने पूँजीपति मित्रों को "सरकारी खजाने में लूट की छुट" देते हुए देश खघमोशी से बैठ कर नहीं देख सकता। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनिल सिंह ,अनिल तिवारी ,संजय तिवारी ,संदीप यादव रिशु ,उमेश उपाध्याय ,श्रीनिवास शास्त्री ,विजय पांडे ,भीम शुक्ला, रेनू राय ,कंचन दुबे ,प्रमिला राजपूत ,फ्लावर नकवी, राम अवध, आशीष यादव ,फिरोज अंसारी, राम सागर रावत, अब्दुल हकीम, अमरीश पांडे मोहम्मद नौशाद, नंद कुमार सोनकर, मोहम्मद अहमद टीटू ,सिराज ,धीरेंद्र नाथ वर्मा ,अशोक कुमार राय ,धर्मेंद्र सिंह फास्टर ,अजीत वर्मा, रामानंद शर्मा ,मनीष सिंह, संजय श्रीवास्तव ,शैलेंद्र विक्रम सिंह, जमील अहमद ,बलवीर सिंह ,अमर बहादुर, दिनेश चौधरी, जितेंद्र पांडे, बलवंत रावत, राजकुमार सिंह ,रोहित यादव, दयावती ,सुल्तान अजहर शीतला बक्श सिंह राजकुमार सिंह आशुतोष सिंह आजाद रावत आदि मौजूद थे।

## तार काटने पहुंची विद्युत टीम को दौड़ाया : पथराव में आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ शहर से सटे गांव धनीपुर में आंबेडकर पार्क में टूटे पड़े विद्युत तार को काटने पहुंची विद्युत टीम को ग्रामीणों ने दौड़ा दिया। इस दौरान बचाव में विद्युत टीम द्वारा ईंट पत्थर फेंके जाने से आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद माहौल बिगड़ गया और लोग आक्रोशित हो गए। इस सूचना पर इलाका पुलिस व एसीएम आदि पहुंच गए। बाद में विद्युत अधिकारियों के नई प्रतिमा लगवाने के आश्वासन पर विवाद शांत हुआ। हुआ यूं कि धनीपुर गांव में विद्युत लाइन का तार टूट गया था, जिसका कुछ हिस्सा आंबेडकर पार्क में पड़ा था। इस दौरान टीम ने तार काटकर वहां से हटाया तो पार्क में बैठी महिलाओं से किसी बात पर विवाद हो गया। इस दौरान महिलाओं ने विद्युत टीम को दौड़ा लिया। इस पर खुद को घिरता देख विद्युत टीम ने बचाव में ईंट पत्थर फेंक दिए। इस दौरान एक पत्थर लगने से आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। बस फिर क्या था, गांव में बखेड़ा खड़ा हो गया। तमाम आंबेडकर अनुयायी एकत्रित होकर हंगामा करने लगे। खबर पर महुआ खेड़ा पुलिस व एसीएम आदि पहुंच गए। वहां



ग्रामीणों को समझाया गया और विद्युत टीम को बुलाया गया। बाद में विद्युत अधिकारियों की ओर से मंगलवार को नई प्रतिमा लगवाने का आश्वासन दिया गया। तब जाकर हंगामा शांत हुआ। इंस्पेक्टर महुआ खेड़ा के अनुसार मामले में दोनों पक्षों में सहमति बनी है। किसी तरह की तहरीर नहीं आई है। इस दौरान सूचना पर बसपा व भीम आर्मी के लोग भी पहुंच गए थे, जिन्हें बाद में समझाकर वापस भेजा गया।

# सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन समारोह : उत्कृष्ट योगदान देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। सोमवार को जनपद के सम्भागीय परिवहन कार्यालय में सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें सीओ ट्रैफिक प्रमोद यादव, आरएम विमल राजन, संदीप कुमार, प्रभारी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वितीय, खुर्शीद अहमद, यात्रीकर अधिकारी, प्रेम सिंह, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक, एआरएम महेश कुमार, एडीआईओएस बसंत कुमार उपस्थित थे। सड़क सुरक्षा के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा महा समापन समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें श्रीमती चेतना यादव, राजकीय बालिका इण्टर कालेज अयोध्या, वी.पी. सिंह जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अयोध्या, शिक्षा विभाग के दो सहायक अध्यापकों, पुलिस विभाग के दो आरक्षी, होमगार्ड विभाग से एक होगमार्ड, उ.प्र. सड़क परिवहन निगम के 12 चालक व परिचालक तथा स्वास्थ्य विभाग के दो एम्बुलेंस सहायक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में कार्यालय कर्मिकों के अलावां सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। समारोह में एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलायी गयी। उपस्थित सभी लोगों से नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए भी जागरूक किया गया।

# त्रिजटा स्नान कल : संतों–भक्तों की विदाई से उजड़ने लगी तंबुओं की नगरी

प्रयागराज ब्यूरो : बुधवार को त्रिजटा स्नान के साथ संतों–कल्पवासियों की माघ मेले से आखिरी विदाई होगी। इससे पहले माघी पूर्णिमा स्नान कर मास पर्यंत अनुष्ठानों की पूर्णाहुति करने वाले कल्पवासियों की वापसी का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। वापसी की भीड़ की वजह से मेला क्षेत्र की सड़कों से लेकर पांटून पुलों तक जाम की स्थिति रही। पुलों पर कामनाओं की पूर्ति और तरह–तरह के संकल्पों के साथ दिन भर आरपार की मालाएं भी मां गंगा को अर्पित की जाती रहीं। माघी पूर्णिमा के दूसरे दिन शिविरों में संतों–कल्पवासियों की विदाई दिन भर होती रही। इसी के साथ तंबुओं का नगर खाली होने लगा है। महाशिवरात्रि स्नान के साथ माघ मेले का समापन होगा। संगम पर माघी पूर्णिमा के दूसेर दिन सोमवार को भी स्नान के साथ ही बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने अन्न, वस्त्र का दान किया। कहीं रेती पर समूहबद्ध महिलाओं के गीत गूंजते रहे, तो कहीं दीपदान होता रहा। सुबह से ही आरपार की मालाएं भी चढ़ाई जाने लगीं। मां गंगा की पूजा करने के बाद दीपदान और फिर पांटून पुलों पर आरपार की माला चढ़ाई जाती रही। इसके साथ ही शिविरों को खाली किया जाने लगा। कई शिविर समेट लिए गए। हालांकि अभी कुछ संतों के शिविर शिवरात्रि तक रहेंगे। इस वजह से मेला क्षेत्र के सेक्टर एक व



दो में चहल–पहल बनी रहेगी। मान्यता है कि माघ मेला में प्रवास करने वालों के लिए त्रिजटा स्नान विशेष फलदायी होता है। राधा आध्यात्मिक संत्संग मंडल की अध्यक्ष डॉ. राधाचार्या के मुताबिक जो लोग महीने भर संगम में माघ की डुबकी नहीं लगा पाते, वो फाल्गुन मास की तृतीया तिथि पर स्नान कर पूरे महीने भर के कल्पवास का फल एक दिन में ही अर्जित कर सकते हैं। इसी मान्यता को ध्यान में रखकर लोग त्रिजटा स्नान के लिए रुके रहते हैं। संगम क्षेत्र में रुके संत–महात्मा त्रिजटा स्नान के साथ ही अपने आश्रम की ओर रवाना होंगे। हालांकि मेले का औपचारिक समापन शिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व के बाद होगा।

# मैनहोल में नहीं घुसेंगे सफाई कर्मी : अब 88 लाख के दो रोबोट करेंगे सफाई

अलीगढ़ ब्यूरो : केंद्रीय बजट में मैनहोल की सफाई के लिए मानव प्रवेश प्रतिबंध के बाद नगर आयुक्त के स्तर से साफ कर दिया गया है कि अब सिर्फ रोबोटिक मशीनों से सीवर की सफाई होगी। नगर निगम के पास 88 लाख रुपये कीमत की दो मशीनें हैं, जिनके कुछ समय पहले ट्रायल पूरे हुए हैं। इसके बाद से इनके जरिये ही सफाई का काम जारी था। मगर जरूरत पर कर्मचारी को प्रवेश कराकर मैनहोल भी साफ कराया जाता था। मगर बजट में निर्देश आने के बाद इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। नगर निगम के मीडिया सहायक के अनुसार यह सही है कि कुछ समय पहले तक पूरी तरह से नगर निगम कर्मचारी पर सीवर व मैनहोल की सफाई के लिए आश्रित था। मगर नगर निगम द्वारा 44–44 लाख रुपये की दो मशीन खरीद ली गई हैं। इनका ट्रायल भी कर लिया गया है। खुद नगर आयुक्त की ओर से यह निर्देश जारी किए गए हैं कि अब मैनहोल में कर्मचारी को प्रवेश कराकर कतई सफाई नहीं होगी। हर जगह पर मशीन के जरिये ही सफाई कराई जाएगी। नगर निगम में अब तक 60 किमी लंबी सीवर लाइन है, जबकि 70 किमी लंबी लाइन स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार की जा रही है। इसके बाद से मशीन का काम और बढ़ जाएगा। हमारे पास मौजूद मशीनें 30 फिट गहरे सीवर में और किसी भी संकरी या तंग गली में जाकर सीवर व मैनहोल की सफाई कर सकेगी। मैनहोल की सफाई मशीन से कराए जाने को बताया धोखा बजट में मैनहोल की सफाई मशीनों से कराए जाने को सफाई कर्मचारियों के नेताओं ने धोखा बताया है। यह कर्मचारियों के लिए खाली डिब्बा, खाली बोतल है। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री बिल्लू चौहान ने कहा कि सरकार ने




मैनहोल में सफाई कर्मचारियों को न उतराने के लिए कहा है। जहां जगह है, वहां मशीनों से सफाई हो जाएगी, लेकिन संकरी गलियों और सड़कों पर मशीन नहीं जा पाएगी। ऐसे में मैनहोल में कर्मचारियों को सफाई करनी होगी, जो सरकार का फैसला धोखा देने वाला है। बजट में सफाई कर्मचारियों के लिए खाली डिब्बा, खाली बोतल है। नगर सफाई मजदूर संघ नगर निगम के अध्यक्ष प्रदीप भंडारी ने कहा कि बजट में सफाई कर्मचारियों से साथ धोखा और अन्याय है। सीवर में कर्मचारियों को न उतारना कोई उपलब्धि नहीं है। 70 साल से सफाई कर्मचारी द्वारा ही साफ किया जा रहा है। सरकार को उनके भविष्य चिंता है तो वह उनके विकास के लिए अलग से वेतन सृजित करे। नगर सफाई मजदूर संघ नगर निगम महामंत्री राधेलाल धूरी ने कहा कि सीवर में घुसने से हजारों सफाई कर्मचारियों की मृत्यु हो गई, लेकिन सरकार ने बड़े मुआवजे की घोषणा नहीं की। सीवर के नाम पर सफाई कर्मचारियों के साथ उपेक्षा की जा रही है।

# जोखिम भरा बन रहा अलीगढ़ – गाजियाबाद एक्सप्रेस वे पर रात का सफर : आए दिन हो रहे सड़क हादसे

अलीगढ़ ब्यूरो : हाईवे पर आए दिन हो रहे सड़क हादसे के लिए काफी हद तक सड़क की खामियां भी जिम्मेदार हैं। खासकर रात के समय हाईवे का सफर जानलेवा बन रहा है। अलीगढ़ – गाजियाबाद एक्सप्रेस वे पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। यहां फोर एवं सिक्स लेन के निर्माण एवं मरम्मत का काम किया जा रहा है। धीमी गति से चल रहे इस निर्माण कार्य के दौरान निर्माणदायी संस्था वाहन चालकों सुरक्षा का कतई ध्यान नहीं रख रही है। रात में पूरे हाईवे पर अंधेरा ही पसरा रहता है। कहीं–कहीं ही पोलों पर लाइटें जलती देखी जा सकती हैं। ऐसे में यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात में यहां से सफर करना किसी जोखिम से कम नहीं है। तमाम खामियों को दूर किए बिना ही हाईवे का निर्माण किया जा रहा है। सड़क के दोनों लेन पर दोनों दिशा से वाहन फर्राटे भरते हैं। एक लेन से दूसरे लेन पर डायवर्जन वाले स्थान पर या तो संकेतक बोर्ड नहीं लगे हैं या लगे भी हैं तो उनमें कई तरह की खामियां हैं। ऐसे में इस हाईवे पर जान जोखिम में डालकर लोग सफर करने को विवश हैं। सड़क पर कहीं नाली का काम अधूरा है तो कहीं डिवाइडर का निर्माण भी नहीं हो सका है। फोरलेन जहां घनी आबादी से होकर गुजरा है, वहां भी कोई संकेतक बोर्ड नहीं लगा हुआ है। हाईवे पर एक तो वाहनों की गति पर कोई नियंत्रण नहीं है, दूसरे सड़क निर्माण में बरती गई खामियों के चलते आए दिन होने



वाली दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। संबंधित विभाग अब तक खतरे वाले स्थानों पर संकेतक भी नहीं लगा सका है। खतरों से अंजान मुसाफिर हाईवे पर आवाजाही कर रहे हैं। रात के वक्त आवाजाही में जोखिम दोगुना बढ़ जा रहा है। हाईवे पर महरावल पुल से लेकर जनपद सीमा के बार्डर तक वाहनों के निकलने के लिए एक ही लेन चालू है। बाकी सड़क को उखाड़ने के साथ ही उसकी मरम्मत एवं नये सिरे से निर्माण कराया जा रहा है। इससे वाहन के ओवरटेक करने अथवा साइड लेने भर तक की जगह नहीं है। ऐसे में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। हाईवे पर सड़क निर्माण के दौरान हरसंभव सुरक्षा के उपाय अपनाए जा रहे हैं। इसके बाद भी यदि कोई खामी है तो उसका निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार कराया जाएगा, ताकि होने वाले हादसों की रोकथाम हो सके। – प्रमोद कुमार कौशिक, परियोजना प्रबंधक, एनएचआई

# भुगतान की मांग को लेकर जमाकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

अयोध्या(जिला संवाददाता सुरेंद्र कुमार ।सहारा इंडिया में पैसा जमा करने वाले लोगों ने संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को शहर के गांधी पार्क में प्रदर्शन किया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि अविलंब जमा पैसे का भुगतान न किया गया तो वह 2024 में मतदान का बहिष्कार करेंगे। इसी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा है। संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के अरविंद सिंह ने कहा कि बकाया पैसा भुगतान की मांग को लेकर कई बार प्रदर्शन किया है। जब तक जमा पैसे का भुगतान नहीं हो जाता तब तक उनका धरना–प्रदर्शन जारी रहेगा। अनूप सिंह ने कहा कि लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई से पैसा जमा किया है और जमा पैसे के भुगतान के लिए संघर्ष कर रहे हैं, यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भुगतान की मांग को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, जब तक पैसे का भुगतान नहीं हो जाता तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर रजनीश अवस्थी, राकेश कुमार गुप्ता, पारसनाथ भारती, नीतू कुमारी, विपिन कुमार शर्मा, राम बहाल विश्वकर्मा, नौशाद अली व दिलीप प्रजापति आदि शामिल रहे।

# जाम का एक अर्थशास्त्र भी होता है यकीन न हो तो दीपक से पूछ लो

प्रयागराज ब्यूरो : माघ मेले के दौरान मेला क्षेत्र के आसपास लगे जाम ने अलोपीबाग निवासी फल विक्रेता दीपक सोनकर के परिवार के दो वक्त के निवाले पर संकट ला दिया। औसतन एक



हजार रुपये रोज की बिक्री 200 से 300 रुपये पर आ गई। नतीजा यह हुआ कि जहां वह मेले के दौरान अच्छी आमदनी से व्यापार बढ़ाने की सोच रहा था। वहीं अब किसी तरह दो वक्त के निवाले के जुगाड़ में लगा है। माघ मेले के दौरान बेपटरी यातायात व्यवस्था ने बिगाड़ दिया कई घरों का बजटयह कहानी महज एक दीपक की नहीं, बल्कि उसके जैसे कई उन दुकानदारों, व्यापारियों की है जो माघ मेले के दौरान मेला क्षेत्र के आसपास लगे जाम से प्रभावित हुए। जाम के चलते न सिर्फ उनका व्यापार मंदा हो गया बल्कि कई तो ऐसे भी हैं, जो नुकसान में चले गए। प्लानिंग ही नहीं थी, जीटी जवाहर पर झोंक दिए वाहन जीटी जवाहर चौराहे के पास श्रीराम रेस्टोरेंट चलाने वाले अनिमेष गुप्ता की कहानी भी दीपक जैसी ही है। उन्होंने कुंभ के साथ ही कई माघ मेले देखे हैं। वह बताते हैं, जाम की जो समस्या इस बार रही, वैसी उन्होंने पहली बार देखी। कमोबेश हर स्नानपर्व पर हालात लगभग एक से रहे। सड़कों पर सुबह से शाम तक जाम लगा रहा। नतीजा यह हुआ कि ग्राहक आए नहीं और व्यापार को तगड़ा नुकसान हुआ। माघ मेले में इस बार जाम की समस्या की वजह यह थी कि यातायात व्यवस्था को लेकर प्लानिंग ही नहीं दिखाई दी। वाहनों को योजना बनाकर पार्क कराने की बजाय सीधे मेला क्षेत्र के इंट्री प्वाइंट जीटी जवाहर चौराहे व हर्षवर्धन तिराहे पर झोंक दिया गया। जबकि पूर्व में ऐसा नहीं था। भीड़ ज्यादा होने पर बड़े वाहनों को अरैल, झूंसी, फाफामऊ में बनी पार्किंग में ही रोक दिया जाता था। नतीजा यह हुआ कि सुबह से लेकर शाम तक लोग जाम से ही जूझते रहे। टेंपो–ई रिक्शा ने घेर ली सड़क, गाड़ियां कैसे चलेंगी अलोपीबाग में ही फल का व्यापार करने वाले अनिल कुमार ने बताया कि जाम का सबसे बड़ा कारण टेंपो–ईरिक्शा रहे। बताया कि लगभग 30 साल से वह यहां दुकान चला रहे हैं। हालत यह है कि आधी से ज्यादा सड़क टेंपो–ई रिक्शा वाले घेरे रहते हैं। पुलिस से शिकायत पर कुछ मिनटों के लिए हटाए जाते हैं, लेकिन थोड़ी देर बाद फिर जमा हो जाते हैं। माघ में कम से कम 15 दिन ऐसे गए जब जाम के चलते व्यापार लगभग ठप सा रहा। ग्राहक आए नहीं और बमुश्किल 100–200 रुपयों की बिक्री हुई।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।